# शहीद शैलेंद्र सिंह को राजकीय सम्मान के साथ विदाई

## जम्मू में सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान हादसे में हुए शहीद, 6 साल के बेटे ने दी मुखाग्नि

**ग्वालियर/भिंड. जम्मू के डोडा जिले में सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान हादसे में शहीद हुए भिंड के हवलदार शैलेंद्र सिंह भदौरिया का शनिवार को उनके पैतृक गांव चितावली ( अटेर ) में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया.**

शहीद के 6 वर्षीय बेटे भावेश भदौरिया ने मुखाग्नि दी. इससे पहले जब शहीद का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो सभी ने अंतिम दर्शन किए. सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया. सेना का वाहन खाई में गिरने से शैलेंद्र शहीद हुए थे.



### पत्नी से कहा था कि मुझे कुछ होने वाला है...

शहीद की पत्नी शिवानी ने बताया कि 21 जनवरी की रात उनकी शैलेंद्र से आखिरी बात हुई थी. उस रात शैलेंद्र ने एक सपना देखा था. उन्होंने बताया था कि सपने में देखा कि दोनों बेटियों को बहुत पढ़ाया, पैसा खर्च किया, लेकिन वे सफल नहीं हो पाई. घरवाले शादी को लेकर चिंतित हैं. पैसे नहीं बचे हैं .शिवानी ने उन्हें हिम्मत देते हुए कहा था कि चिंता मत करो, हमारे पास प्लॉट है. रिटायरमेंट के बाद उसे बेचकर बेटियों की शादी कर देंगे. शैलेंद्र ने कहा था कि मुझे बहुत डर लग रहा है. कुछ होने वाला है. इसके बाद उनके शहीद होने की ही दुखद खबर आई.

### दादा को भी सेना में रहते हुए शहादत मिली थी

शैलेंद्र के दादा भी सेना में थे. वे 1971 की लड़ाई में शहीद हुए थे. शैलेन्द्र तीन भाई हैं. तीनों ही सेना में रहे हैं. अंतिम सलामी देने पहुंचे ब्रिगेडियर अमित वर्मा ने कहा कि पूरा सेना परिवार शहीद के परिजनों के साथ खड़ा है. इस मौके पर मेजर अक्षय कुमार, एसडीएम शिवानी अग्रवाल और तहसीलदार जगन सिंह कुशवाहा भी मौजूद रहे.



# नप अध्यक्ष की मौजूदगी में रातभर चला लाइन सुधारने का कार्य

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर के वार्ड नंबर 6 में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या को समाप्त करने के लिए नगर परिषद ने जिस गंभीरता और तत्परता का परिचय दिया, वह काबिले-तारीफ है। गुरुवार रात नल पाइपलाइन सुधार व विस्तार का कार्य बिना रुके पूरी रात चलता रहा। आमतौर पर सरकारी कार्यों में समय की ढिलाई और निगरानी की कमी देखने को मिलती है, लेकिन इस कार्य में नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला व मुख्य नगर परिषद अधिकारी मनोज शर्मा स्वयं देर रात मौके पर डटे रहे। इससे प्रशासनिक संवेदनशीलता और जवाबदेही साफ झलकी। रात के समय कार्य कराए जाने का मुख्य उद्देश्य यह था कि दिन में आम नागरिकों को आवाजाही और पानी की आपूर्ति में परेशानी न हो। अध्यक्ष शुक्ला ने कार्यस्थल पर मौजूद अधिकारियों, इंजीनियरों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पाइपलाइन की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होना चाहिए और लीकेज जैसी समस्याओं की पुनरावृत्ति हर हाल में रोकी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की मूलभूत आवश्यकता 'पेयजल' है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखा जाए तो यह कदम केवल एक तकनीकी कार्य नहीं, बल्कि नगर परिषद की कार्यप्रणाली में आए बदलाव का संकेत भी है। जहां पहले शिकायतों के बाद भी कार्यों में देरी होती थी, वहीं अब समस्याओं के समाधान के लिए रात-दिन एक करने की नीति अपनाई जा रही है। कुल मिलाकर, वार्ड नंबर 6 में रातभर चला यह नल पाइपलाइन कार्य नगर परिषद के लिए एक परीक्षा भी था और उदाहरण भी—जिसमें प्रशासन जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरता नजर आया।

## एक नजर में

### राजा भोज परमार का जन्मोत्सव मनाया

**ग्वालियर.** विख्यात तीर्थस्थल रतनगढ़ माता मंदिर पर महाराजाधिराज राजा भोज परमार का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदोरिया उपस्थित थीं. अध्यक्ष के रूप में दतिया महाराज अरुणादित्य सिहं जू देव ने राजा भोज एवं परमार वंश के प्रेरणादाई इतिहास के प्रसंगो का वर्णन किया. राजा भोज परमार के जन्मोत्सव के इस महोत्सव में बुंदेलखंड, चंबल के परमारो की झलक एक साथ देखने को मिली. भविष्य में भी परमार वंश एकजुटता के साथ परमार वंश की मां रतनगढ़ माता मंदिर के उत्थान के लिए कार्यरत रहेगा.


### 27 को झाबुआ जिला रहेगा स्वैच्छिक बंद

**झाबुआ.** जिले में लगातार बढ़ते गौ-हत्याओं के मामले, गौकशी, गौ-मांस विक्रय एवं परिवहन जैसी घटनाओं को लेकर जिलेभर में सकल हिन्दू समाज में तीव्र आक्रोश है. इसी क्रम में स्थानीय सिद्धेश्वर कॉलोनी में श्री सिद्धेश्वरी अंबे माता मंदिर पर सर्व हिन्दू समाज की सामूहिक बैठक आयोजित हुई. जिसमें सर्व-सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस तरह की घटनाओं को लेकर गौ-माताओं के सम्मान में 27 जनवरी, मंगलवार को झाबुआ जिला स्वैच्छिक बंद रहेगा. इस दौरान मंगलवार से जिला मुख्यालय पर उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी और कलेक्टोरेट पहुंचने पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

# प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बूथों पर सुनेंगे 'मन की बात'

**भोपाल, 24 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में सामूहिक श्रवण किया जाएगा.**

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल बैतूल जिले में तथा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद अशोक नगर जिले के चंदेरी में कार्यक्रम सुनेंगे. प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल बैतूल विधानसभा क्षेत्र के गंज मंडल अंतर्गत शास्त्री वार्ड स्थित बूथ क्रमांक 117 पर प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री की 'मन की बात' का श्रवण करेंगे. वहीं,



प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद अशोक नगर जिले की चंदेरी विधानसभा के बूथ क्रमांक 40 पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ कार्यक्रम सुनेंगे. इसके अलावा प्रदेश शासन के मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश के सभी जिलों में अपने-अपने बूथों पर 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक रूप से श्रवण करेंगे.

# उप मुख्यमंत्री ने किया कार्यों का लोकार्पण

## गौरव दिवस पर सतना को मिली तीन परियोजनाओं की सौगात

**भोपाल, 24 जनवरी. प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने सतना गौरव दिवस के चौथे आयोजन के अवसर पर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 27 करोड़ रूपये लागत की तीन परियोजनाओं का लोकार्पण कर सतना शहर को सौगात दी.**

उन्होंने शनिवार को सतना प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट के पीछे धवारी क्षेत्र में नवनिर्मित व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र भवन का विधिवत लोकार्पण किया. लगभग 8 करोड़ 34 लाख रुपए की लागत से बने आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र को स्थानीय युवाओं के कौशल विकास और स्वरोजगार की दिशा में एक बड़ा कदम माना



जा रहा है. इसमें 250 प्रशिक्षणार्थी आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे. लोकार्पण उप मुख्यमंत्री ने भवन का निरीक्षण किया. उप मुख्यमंत्री ने सतना शहर के भुंजवा मोहल्ले में 9 करोड 88 लाख लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन (कम्युनिटी हाल) तथा स्मार्ट सिटी से 8 करोड 66 लाख रूपये की लागत से नारायण तालाब के पुर्ननिर्माण एवं सौदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया.

# असामाजिक तत्वों का माहौल बिगाड़ने का प्रयास

▸ **शहर में महापुरूषों के पोस्टर फाड़े गए**

**मक्सी, 24 जनवरी. बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को मक्सी में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद देर रात असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया.**

सम्मेलन स्थल श्रीराम गार्डन तालाब की पाल के आसपास लगाए गए महापुरुषों के बैनर-पोस्टर अज्ञात लोगों द्वारा फाड़ दिए गए, जिससे नगर में आक्रोश का माहौल बन गया. इस संबंध में मक्सी थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज कराई गई है. फरियादी हरीश पांडे निवासी पुराना एबी रोड रेस्ट हाउस




के पास मक्सी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 23 जनवरी को श्रीराम गार्डन तालाब की पाल के पास विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ था. कार्यक्रम के लिए सडक़ किनारे भगवान श्रीराम, भगवान देवनारायण, डॉ.भीमराव अंबेडकर, महाराणा प्रताप, भगत सिंह, शहीद चंद्रशेखर आजाद, स्वामी विवेकानंद, संत धीरेंद्र शास्त्री, संत गोविंद जाने सहित अन्य महापुरुषों के चित्रों वाले पोस्टर लगाए गए थे, जो कार्यक्रम समाप्त होने तक सुरक्षित थे.

हिन्दू सम्मेलन के बाद देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने इन पोस्टरों को फाड़ दिया. घटना की सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों के पदाधिकारी मक्सी थाने पहुंचे और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई. साथ ही नगर के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाडऩे वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की. हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह की घटनाएं सामाजिक सौहार्द को बिगाडऩे का प्रयास हैं.

## हाईकोर्ट ने किया ट्रॉयल कोर्ट का आदेश निरस्त

**जबलपुर.** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने ट्रायल कोर्ट का वह आदेश निरस्त कर दिया, जिसके तहत पुलिस को बिना प्रारंभिक जांच के एफआइआर दर्ज कर आगे कार्रवाई का निर्देश दे दिया गया था. कोर्ट ने साफ किया कि बीएनएएस की धारा 379 के तहत दायर किए गए आवेदन पर न्यायालय द्वारा एफआइआर दर्ज करने पर निर्णय लेना आवश्यक है. पुलिस का कार्य सिर्फ जांच कर रिपोर्ट पेश करना है, पुलिस को एफआइआर दर्ज करने का विवेकाधिकार नहीं दिया जा सकता है. मामला भोपाल निवासी शैलेंद्र शर्मा की याचिका से संबंधित था, जिसके जरिए ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी.

# 5 श्रमिकों की मौत का जिम्मेदार पकड़ाया

## ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ था हादसा

**जबलपुर, 24 जनवरी. बरेला थाना अंतर्गत सिग्मा कान्हा कॉलोनी सालीवाड़ा के पास नेशनल हाईवे पर 18 जनवरी को हुए भीषण हादसे में पांच श्रमिकों की मौत का कारण बनने वाले कार चालक को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी पूना भागने की फिराक में था.**

वह मुख्य रेलवे स्टेशन पहुंचकर ट्रेन में बैठने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया. पूछताछ में सामने आया है कि हादसा ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ था. विदित हो कि सिग्मा कान्हा कॉलोनी सालीवाड़ा



▸ **भागने की फिराक में था कारचालक लखन सोनी**

▸ **सड़क पर रखरखाव कार्य कर रहे थे श्रमिक**

के पास नेशनल हाईवे पर डिवाइडर ग्रिल पर रंगाई, पुताई और सफाई का काम चल रहा था. मंडला जिले के ग्राम बम्होरी थाना बीजाडांडी के बम्होरी बिहारिया गांव के निवासी श्रमिक पिछले डेढ़ महीने से यहां मजदूरी कर रहे थे. 18 जनवरी को काम के बाद थके हुए श्रमिक सड़क किनारे भोजन कर रहे थे. दोपहर लगभग 1:30 बजे बरेला की ओर से आ रही कार चालक ने श्रमिकों को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया. हादसे में चेनवती गौड़ (45), लछ्छो बाई (40), वर्षा कुशराम (45), गुमता बाई (40) और कृष्णा बाई कडोपा (40), सभी निवासी ग्राम बम्होरी, की मौत हो गई थी.

# प्राकट्योत्सव : हेलीकॉप्टर से होगी पुष्पवर्षा

**ओंकारेश्वर, 24 जनवरी. बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में माँ नर्मदा के प्राकट्योत्सव को लेकर आस्था, उत्साह और भक्ति का वातावरण अपने चरम पर है. माघ शुक्ल सप्तमी के पावन अवसर पर आज नर्मदा जन्मोत्सव पूरी भव्यता और परंपरानुसार मनाया जाएगा.**

इस अवसर पर संपूर्ण तीर्थ नगरी नर्मदे हर के जयघोष से गुंजायमान रहेगी और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पलक पावड़े बिछाए तैयार है. जन्मोत्सव का मुख्य आकर्षण दोपहर के समय होने वाला विशेष पूजन और आकाशीय पुष्पवर्षा होगी. ठीक दोपहर 12 बजे विद्वान पंडितों के सानिध्य में माँ नर्मदा का 251 लीटर दूध से महा-अभिषेक किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अलौकिक दृश्य होगा. इस पावन बेला में मध्याह्न के समय हेलीकॉप्टर द्वारा आकाश मार्ग से माँ नर्मदा और वहां उपस्थित हजारों भक्तों पर पुष्पवर्षा की जाएगी, जिससे उत्सव की भव्यता देखते ही बनेगी. इस दौरान जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया जाएगा और कन्या पूजन कर बालिकाओं का सम्मान किया जाएगा. उत्सव को व्यवस्थित रूप देने के लिए घाटों की जिम्मेदारी शहर के विभिन्न प्रमुख धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने आपस में बांट ली है. कोटितीर्थ घाट पर मंदिर ट्रस्ट, नागर घाट पर अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट और गोमुख घाट पर जूना अखाड़ा द्वारा विशेष आयोजन किए जाएंगे.

इसी प्रकार नवघाट पर नर्मदा युवा संगठन, बर्फानी धाम पर बर्फानी आश्रम, ओमकार घाट पर ओमकार मठ, ब्रह्मपुरी घाट पर नर्मदा रक्षा संगठन, चक्रतीर्थ घाट पर चक्रतीर्थ भक्त मंडल और अभय घाट पर सन्यास आश्रम द्वारा पूजा-अर्चना और प्रसादी वितरण की व्यवस्था संभाली जाएगी. दोपहर के आयोजनों के बाद, शाम 4 बजे मां नर्मदा की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी. सुसज्जित पालकी में सवार होकर माँ नर्मदा नगर भ्रमण करेंगी, जहाँ ढोल-दमकों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भक्त उनका स्वागत करेंगे. संध्या समय माँ नर्मदा के तटों का दृश्य अद्भुत होगा, जब सभी घाटों पर एक साथ विशेष पूजा और कंकड़ा आरती का आयोजन होगा.



**मुख्यमंत्री से मिले कथावाचक पंडित मिश्रा**

**भोपाल.** प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट हुई. इस अवसर पर शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया.

# हादसा : तेज रफ्तार ऑटो पलटा, आधा दर्जन यात्री घायल

▸ **दो की हालत नाजुक, ग्राम गड़रिया पहाड़ में हादसा**

**सिंगरौली, 24 जनवरी. बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गड़रिया पहाड़ में शनिवार को एक तेज़ रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया.**

हादसे में ऑटो में सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए, जिनमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है. ऑटो बैढ़न से बरगवां की ओर जा रहा था. ग्राम गड़रिया के पास पहाड़ी मोड़ पर तेज़ गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे ऑटो सड़क किनारे पलट गया. हादसे के समय ऑटो में कुल 9 सवारी सवार थीं.



घटना की सूचना मिलते ही 112 डायल सेवा समेत बरगवां पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया. गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों की पहचान चंद्रप्रताप सेन (पिता श्रीलाल सेन), निवासी खनुवा एवं काजोल पनिका (पिता अनिल कुमार पनिका), निवासी बाघाडीह के रूप में हुई है.

**आयोजन** ▸ सावित्री बाई फुले की 195वीं जयंती पर समारोह आयोजित

# महात्मा फुले ने शिक्षा की अलख जलाई : भारत

**मुरैना, 24 जनवरी. महात्मा ज्योतिबा राव फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने सर्वसमाज के लिए शिक्षा की अलख जलाई. उन्होंने बेटों के साथ-साथ बेटियों को भी पढ़ने पर जोर दिया. शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को हम भुला नहीं सकते हैं, क्योंकि शिक्षा से ही समाज और व्यक्ति की उन्नति और विकास का रास्ता खुलता है.**

यह बात सांसद भारत सिंह कुशवाह ने शनिवार को मुरैना के जौरा में मंडी प्रांगण में माता सावित्रीबाई फुले की 195 जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के



रूप में कही.सांसद कुशवाह ने कहा कि महात्मा ज्योतिबाराव फुले और माता सावित्रीबाई फुले के योगदान को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से घोषणा की कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 200 वीं जयंती देश भर में धूमधाम से मनाई जाएगी. साल भर सरकार कार्यक्रम आयोजित करेगी. साथ ही प्रदेश सरकार ने उनकी जीवनी को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल किया है.

इस दौरान सांसद कुशवाह ने समाज के लोगों से अपील की कि वह बेटा और बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं, संगठित होकर समाज हित में कार्य करें. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की बदायूं से पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य, राजस्थान धौलपुर से विधायक श्रीमती शोभारानी कुशवाह, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, पूर्व विधायकगण सबलगढ़ बैजनाथ कुशवाह, जौरा के सोनेराम कुशवाह, अजब सिंह कुशवाह, मुरैना भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाह आदि उपस्थित रही.

## श्योपुर में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन



**श्योपुर.** कॉलेज में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने छात्रों के साथ भेदभाव के खिलाफ प्रदर्शन किया एवं प्रशासन पर तानाशाही बरतने का आरोप लगाया. अधिकारियों ने निष्पक्ष व्यवहार का आश्वासन दिया है. श्योपुर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन उनके साथ लंबे समय से भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रहा है.

# मक्सी स्टेशन के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी

▸ **हादसे के बाद ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई**

**शाजापुर, 24 जनवरी. मक्सी रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को उज्जैन से गुना जा रही एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई. गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई.**

प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण रेल पटरी का टूटना बताया जा रहा है. सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू किया गया. स्टेशन प्रबंधन के अनुसार तकनीकी टीम जांच कर रही है, रिपोर्ट के बाद ही कारण स्पष्ट होगा.

